Copy

CENTRAL INSTITUTE OF HIGHER TIBETAN STUDIES

SARNATH, VARANASI.

CUTS-RTI-2018/Appeal- Date. 20.09.2018

To

Krishnanand Singh, Shantarakshita Library, CIHTS, Sarnath, Varanasi

Subject. Response & Information sought by you vide your Appeal letter dated 12.7.2018

Sri K. N. Singh

In response to your Appeal letter mentioned above, I am forwarding you herewith the information obtained from CUTS Registrar Office as an Enclosure (41 pages including covering letter dated 18.9.2018

Date. 20.9.2018

J. Samten

Prof. Dr.Jampa Samten
Appellate Authority
CUTS, Sarnath, Varanasi

Received at 2:35 PM
knsingh
26/9/18

(1)

# केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान
(मान्य विश्वविद्यालय)
## सारनाथ, वाराणसी

के.उ.ति.शि.सं./आर.टी.आई./28(3)/2017-18- दिनांक: 18/09/2018

(अति महत्वपूर्ण-सूचना का अधिकार)

सेवा में,

प्रो. जम्पा समतेन (प्रोफेसर, तिब्बती इतिहास)
प्रथम अपीलीय पदाधिकारी
केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान
सारनाथ वाराणसी-221007

विषय: पत्र दिनांक 24.07.2018 के सन्दर्भ में।

महोदय,

आपके पत्र दिनांक 24.07.2018 के सन्दर्भ में श्री कृष्णानन्द सिंह द्वारा मांगी गयी सूचना प्रशासन-द्वितीय से प्रा हुआ है। जो आपके अवलोकनार्थ हेतु प्रस्तुत है तथा पहले भी अधोहस्ताक्षरी द्वारा भेजी गयी सूचना की छायाप्रति आप अवलोकनार्थ हेतु साथ में संलग्न की जा रही है।

धन्यवाद,

भवदीय,

(फुन्छोक दोर्जे)
(जन सूचना अधिकारी)

प्रतिलिपि-

1. कुलपति के निजी सचिव, कुलपति महोदय के सूचनार्थ
2. कुलसचिव के निजी सहायक, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ

पत्रांक ...
166
18/9/18

# केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ वाराणसी

(मान्य विश्वविद्यालय)

CIHTS/Admn-II/GNS/RTI/136

दिनांक 18.09.2018

सेवा में,

प्रो. जम्पा समतेन (प्रथम अपीलीय अधिकारी)
जन-सूचना अधिकारी
केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान
सारनाथ, वाराणसी

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने के संदर्भ में।

महोदय,

मुझे आपके आवेदन पत्र दिनांक 24.07.2018 के साथ में संलग्न श्री कृष्णानन्द सिंह, एस.पी.ए., शान्तरक्षित ग्रंथालय के.उ.ति.शि.सं. के पत्र दिनांक 12.07.2018 द्वारा सूचना के अधिकार के अन्तर्गत मांगी गयी सूचना को उपलब्ध कराने का निर्देश हुआ है।

बिन्दुवार सूचना कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख के अनुसार निम्नवत हैः-

| क्र.स. | मांगी गयी वांछित सूचना | उपलब्ध करायी गयी सूचना। |
|---|---|---|
| 1. | 18.2.2012 से पूर्व एस.पी.ए. एवं पी.ए. (सामान्य एवं विशेष) के पदों पर नियुक्त स्थायी कर्मचारियों की सूची तिथिवार तथा रिक्त पदों की सूची तिथिवार कर्मचारी नाम सहित की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | सम्बन्धित प्रपत्र साथ में संलग्न कि गया था। |
| 2. | विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 18.02.2012 को हुई थी। इस बैठक में एस.पी.ए. एवं पी.ए. के पदों पर पदोन्नति की गयी थी पदोन्नति किये गये कर्मचारियों की सूची तिथि उनकी पदोन्नति किस पद के विरुद्ध में हुई है। इस रिक्त पदों की सूची तिथिवार कर्मचारी नाम सहित की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | सम्बन्धित प्रपत्र साथ में संलग्न कि गया था। |
| 3. | Review DPC/DPC की बैठक दिनांक 04.04.2017 को हुई थी जिसमें पदोन्नत किये गये एस.पी.ए. एवं पी.ए. के पदों की पदोन्नति तिथि को shift किया गया था तथा विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा पी.ए. के पदों पर पदोन्नति भी दी गयी थी। उन कर्मचारियों की सूची जिनकी पदोन्नति तिथि को shift किया गया है एवं रिक्त पदों की तिथि कर्मचारी नाम सहित जिसके विरुद्ध में पदोन्नति तिथि को shift किया गया है। विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा पी.ए. के पदों पर पदोन्नत किये गये कर्मचारियों की सूची, शैक्षणिक योग्यता तथा रिक्त पदों की सूची तिथिवार कर्मचारी नाम सहित जिसके विरुद्ध में पी.ए. के पदों पर पदोन्नति दी गयी है। इससे सम्बन्धित समस्त प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | सम्बन्धित प्रपत्र साथ में संलग्न कि गया था। |
| 4. | यदि संस्थान द्वारा एस.पी.ए. से पी.ए. के पद पर पदोन्नति के संदर्भ में शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य अनुभव से संबन्धित कोई नियमावली बनाई गयी हो तो उसकी सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | सम्बन्धित प्रपत्र साथ में संलग्न कि गया था। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | 18.05.2012 को संस्थान द्वारा गठित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के लिए प्रशासनिक कार्यालय द्वारा तैयार किये गये प्रस्ताव पत्र (रिक्त पद की तिथि, कर्मचारी नाम सहित) जिसमें एस.पी.ए. एवं पी.ए. के पदों पर पदोन्नति की सिफारिश की गयी थी। Review DPC/DPC के लिये प्रशासनिक कार्यालय द्वारा तैयार किये गये प्रस्ताव पत्र (जिसमें रिक्त पद की तिथि, कर्मचारी नाम सहित) की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | दिनांक 18.02.2012 का सम्बन्धित प्रपत्र साथ में संलग्न किया गया था। |
| 6. | संस्थान के ग्रंथालय में सृजित एस.पी.ए. (Audio-Visual Assistant) का पद सामान्य या विशेष श्रेणी का है। यह पद अभी तक रिक्त है या इस पद पर किसी कर्मचारी की स्थायी नियुक्ति हुई है तो उस कर्मचारी का नियुक्ति पत्र एवं पद के लिए संस्थान द्वारा कोई विशेष शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य अनुभव का निर्धारण किया गया है तो उससे संबंधित समस्त प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | नये रिक्रूटमेंट के तहत Audio-Visual Assistant का अलग से कोई शैक्षणिक योग्यता उपलब्ध नहीं है। |
| 7. | श्री रविकान्त पाल, एस.पी.ए. की स्थायी नियुक्ति किस पद के विरुद्ध में की गयी है। इस पद के लिए संस्थान द्वारा विज्ञापित विज्ञापन की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | सम्बन्धित प्रपत्र साथ में संलग्न किया गया था। |
| 8. | संस्थान द्वारा सीधी भर्ती से नियुक्त किए गये एस.पी.ए. एवं पी.ए. का पद यदि किन्हीं कारणों से रिक्त होता है तो उस रिक्त पद को पदोन्नति से भरा जा सकता है या नहीं। इस संदर्भ में संस्थान द्वारा कोई नियमावली बनाई गयी हो तो उसकी सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | नया रिक्रूटमेंट नियम साथ में संलग्न किया गया था। |
| 9. | संस्थान द्वारा ग्रंथालय में एस.पी.ए. एवं पी.ए. के पदों को सीधी भर्ती या पदोन्नति से भरे जाने के संदर्भ में यदि संस्थान की CRC में अगर कोई नीतिगत निर्णय लिया गया हो तो उस प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | नया रिक्रूटमेंट नियम साथ में संलग्न किया गया था। |
| 10. | वर्तमान में संस्थान द्वारा विज्ञापित प्रोफेशनल असिस्टेन्ट का पद किस वर्ष से रिक्त हुआ था उस पद के बदले में किस कर्मचारी की नियुक्ति हुई थी। इसकी सत्यापित प्रतिलिपि देने की कृपा करें। | संस्थान द्वारा विज्ञापित पी.ए. के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया अभी चल रही है। |
| | | एक समिति गठित की गयी है। जिसकी सूचना आपको इस आशय से प्राप्त है कि समिति के समक्ष उपस्थित होकर वस्तु स्थिति प्रस्तुत करें। |

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

सहायक कुलसचिव

हा॰ से

समक्ष दिनांक 12.07.2018

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी/ प्रो. जम्पा समतेन (प्रोफेसर, तिब्बती इतिहास)

केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी-221007

अपील संख्या वर्ष 2018 ई.

कृष्णानन्द सिंह, एस.पी.ए.,

केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी-221007

- अपीलकर्ता

बनाम

जनसूचनाधिकारी/श्री फुन्छोक दोर्जे ,

केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी-221007

- विपक्षी

जनसूचना दिनांक 14.03.2018 के परिप्रेक्ष्य में प्रथम अपील दिनांक 12.07.2018 प्रस्तुत । प्रति उत्तर दिनांक 01.05.2018 से क्षुब्ध होकर प्रथम अपील दिनांक 12.07.2018 प्रस्तुत स्वीकार करने योग्य आधार है :-

1- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की सूचना पूर्णतया भ्रामक एवं अपूर्ण है। एस.पी.ए. के कुल पद 13 एवं पी.ए. के कुल पद 8 हैं। इन दोनों ही पदों का वर्गीकृत विवरण मांगा गया था एस.पी.ए. एवं पी.ए. के सामान्य पदों पर किन किन कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति हुई थी । इसी प्रकार से एस.पी.ए. एवं पी.ए. के विशेष पदों पर नियुक्त स्थायी कर्मचारियों की सूची मांगी गयी थी, रिक्त

पदों का विवरण भी तिथिवार , कर्मचारी नाम सहित मांगा गया था। मांगी गयी सूचना जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की गयी सूचना में उपलब्ध नहीं है। सही एवं पूर्ण सूचना प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की गयी सूचना में पदोन्नत किये गये कर्मचारियों की मात्र सूची उपलब्ध कराई गयी है यह सूचना भी भ्रामक एवं अपूर्ण है। जबकि मांगी गयी सूचना में यह कहा गया है कि पदोन्नत किये गये कर्मचारियों की पदोन्नति किस पद के against में की गयी है तथा वह पद किस वर्ष में रिक्त हुआ था तथा उस रिक्त पद पर किस कर्मचारी की स्थायी नियुक्ति हुई थी। प्रदान की गयी सूचना में मांगी गयी सूचना उपलब्ध नहीं है , इससे संबंधित प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की गयी सूचना में पदोन्नत किये गये कर्मचारियों एवं पदोन्नति तिथि की shifting में आये कर्मचारियों की मात्र सूची उपलब्ध कराई गयी है, यह सूचना भी भ्रामक एवं अपूर्ण है। जबकि मांगी गयी सूचना में यह उल्लेख है कि पदोन्नत किये गये कर्मचारियों की पदोन्नति किस पद के against में की गयी है तथा पदोन्नति तिथि की shifting को किस पद के against में shift किया गया है। प्रदान की सूचना में मांगी गयी सूचना उपलब्ध नहीं है , इस संदर्भ में रिक्त पदों की तिथि कर्मचारी नाम सहित की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की गयी सूचना आंशिक रूप से संतोषजनक है।

5- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की गयी सूचना का मांगी गई सूचना से कोई संबंध नही है , यह सूचना अपूर्ण एवं भ्रमित करने के उद्देश्य से प्रदान की गयी है। 18.02.2012 की DPC एवं Review DPC/DPC की बैठक के लिये प्रशासनिक कार्यालय द्वारा पदोन्नत किये जाने वाले कर्मचारियों के लिये तैयार किये गये प्रस्ताव पत्र (जिसमें रिक्त पद की तिथि कर्मचारी नाम सहित) की सत्यापित छायाप्रतिलिपि मांगी गयी थी जो प्रदान की गयी सूचना में उपलब्ध नहीं है। इससे संबंधित प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

6- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की सूचना पूर्णतया भ्रामक एवं अपूर्ण है। मांगी गयी सूचना का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें तद्नुसार जवाबी प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

7- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की सूचना पूर्णतया भ्रामक एवं अपूर्ण है। मांगी गयी सूचना में श्री रविकान्त पाल , एस.पी.ए. की स्थायी नियुक्ति किस पद के against में की गयी है इस संदर्भ में सूचना मांगी गयी है। प्रदान की गयी सूचना में यह सूचना उपलब्ध नहीं है। यह पद किस वर्ष में रिक्त हुआ था तथा इस पद पर नियुक्त स्थायी कर्मचारी के नाम से संबंधित प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

8- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की सूचना पूर्णतया भ्रामक एवं अपूर्ण है। मांगी गयी सूचना का जवाब नहीं दिया गया है, मांगी गयी सूचना का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें तद्नुसार जवाबी प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

9- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की सूचना पूर्णतया भ्रामक एवं अपूर्ण है। संस्थान द्वारा पदोन्नति के लिए 50% पदों का निर्धारण

कैसे किया जाता है। इससे संबंधित कोई नियम संस्थान या भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है तो उसकी सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

10- जनसूचनाधिकारी द्वारा प्रदान की सूचना पूर्णतया भ्रामक एवं अपूर्ण है। मांगी गयी सूचना का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें तदनुसार जवाबी प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

<u>प्रार्थना</u>

अतः अपीलीय प्राधिकारी महोदय से निवेदन है कि अपील को स्वीकार करते हुए जनसूचनाधिकारी को निर्देश निर्गत की जावें कि भ्रामक प्रति उत्तर की बजाए स्पष्ट प्रति उत्तर हम अपीलकर्ता को प्रेषित की जावें ताकि न्याय हो।

**संलग्नकः**

1. जन सूचना पत्र दिनांक 14.3.2018

2. जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गयी सूचना दिनांक 1.5.2018.

अपीलकर्ता

12/7/18

(कृष्णानन्द सिंह)
एस.पी.ए.,
केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान,
सारनाथ, वाराणसी-221007